भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 107
(दिनांक 28.06.2019 को उत्तर देने के लिए)

केरल में दूरदर्शन केन्द्र

***107. श्री टी॰एन॰ प्रथापनः**

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा केरल में विभिन्न दूरदर्शन केंद्रों की ट्रांसमिशन क्षमता का उन्नयन करने हेतु कोई उपाय किये गये हैं/किये जाने का विचार है, यदि हां, तो केंद्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने त्रिशूर, केरल में दूरदर्शन केंद्र की जीर्ण-शीर्ण अवस्था की ओर ध्यान दिया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का त्रिशूर में दूरदर्शन केन्द्र का उन्नयन करने तथा स्थानीय विषय-वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित कर इस स्टेशन को और अधिक कार्यक्रमोन्मुखी बनाने का विचार है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सूचना और प्रसारण मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 28.06.2019 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 107 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): : केरल में तीन दूरदर्शन केंद्र हैं जिसमे से एक-एक तिरूवनंतपुरम, कोझिकोड और त्रिशूर में है। दूरदर्शन के 'डीडी मलयालम' चैनल को दूरदर्शन केंद्र कोझिकोड और दूरदर्शन केंद्र त्रिशूर के सहयोग से दूरदर्शन केंद्र तिरूवनंतपुरम से अपलिंक किया जा रहा है, और डीडी फ्री डिश सहित सभी डीटीएच प्लेटफार्मों पर उपलब्ध है।

केरल सहित देशभर में दूरदर्शन केंद्रों का आधुनिकीकरण/उन्नयन एक सतत प्रक्रिया है और इस संबंध में स्कीमों को समय-समय पर तैयार और कार्यान्वित किया जाता है। आधुनिकीकरण/उन्नयन योजना में एक व्यापक स्पेक्ट्रम शामिल है जिसमें, अन्य के साथ-साथ, डिजिटलीकरण, नई प्रोद्योगिकियों का अभिग्रहण, जीर्ण-शीर्ण उपकरणों का प्रतिस्थापन और उन्नयन आदि शामिल है।

(ख) और (ग): त्रिशूर के दूरदर्शन केंद्र को निर्माण, पोस्ट-प्रोडक्शन, इलेक्ट्रॉनिक समाचार संग्रहण (ईएनजी) और पूर्वावलोकन सुविधा आदि के लिए उद्योग के मानकों के अनुरूप नवोन्नत उपकरण प्रदान करके पूर्णत: डिजिटल बना दिया गया है। भवन, मशीनरी और उपकरण सहित इसमें मजबूत अवसंरचना है।

दूरदर्शन केंद्र त्रिशूर के स्टूडियो केंद्र को उन्नत बनाया गया है और डीडी मलयालम के लिए नियमित रूप से कार्यक्रमों का निर्माण करता है। डीडीके त्रिशूर द्वारा महत्वपूर्ण त्यौहारों जैसे कि त्रिशूरपुरम, चेम्बई संगीत उत्सव इत्यादि को कवर किया जाता है और संपूर्ण डीडी नेटवर्क को फीड प्रदान किया जाता है।

****